आकाशवाणी चंडीगढ़

02 नवंबर 2024, समय 1810

समाचार

- भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस शासित राज्यों की आर्थिक स्थिति ख़राब है और कांग्रेस अपना कोई भी वादा पूरा करने में सक्षम नहीं है।
- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हरियाणा के लोगों से घोषणा पत्र में किया गया हर वादा  पूरा किया जाएग।
- रेल  विभाग ने छठ पूजा और त्यौंहारों के मौसम को देखते हुए विशेष रेलगाड़ियां चलाई।
- हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने विभिन्न योजनाओं के तहत सितम्बर तक 436 लाभार्थियों को 3 करोड़ 68 लाख 76 हजार रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई।
- हरियाणा और चंडीगढ़ में विश्वकर्मा जयंती आज पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गयी।

*******************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि कांग्रेस जब भी कहीं सत्ता में आती है तो वह राज्य आर्थिक मुसीबत में घिर जाता है। आज नई दिल्ली में

संवाददाता सम्मेलन में पार्टी प्रवक्ता डॉ० सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित राज्यों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के पास कर्मचारियों को समुचित रूप से वेतन देने के लिए भी पर्याप्त धन नहीं है और कर्नाटक में भी ऐसी ही स्थिति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना कोई भी वादा पूरा करने में सक्षम नहीं है।श्री त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान से स्पष्ट पता चलता है कि जब कांग्रेस के हाथों में धन जाता है तो आपदा बन जाता है जबकि उसे लोगों की संपत्ति और समृद्धि बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर लोगों के कल्याण के लिए कार्य करती है जबकि कांग्रेस सत्ता में आने के बाद धन को लूटती है और लोगों को बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखती है।भाजपा का यह बयान कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की उन टिप्पणियों के बाद आया है जिनमें उन्होंने कर्नाटक में सत्तारू कांग्रेस सरकार को सतर्क किया था कि उसे वही वादे करने चाहिए जो आर्थिक रूप से पूरे किए जा सकें।

**********************************************************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हरियाणा की बी जे पी सरकार प्रदेश वासियों के साथ किए सभी वादे पूरे करेगी। उन्होंने कहा कि प्रथम सौ दिन में ही सरकार कई काम किए जाएंगे। श्री धनखड़ आज पंचकूल में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।प्रथम 100 दिन में किए जाने वाले कामों बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा-

बाइट -1 धनखड़

श्री धनखड़ ने कहा कि घोषणा पत्र में किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री द्वारा रणदीप सुरजेवाला पर विवादित टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि उन्होंने वह वीडियो देखा है, वो शब्द मंच के नीचे से किसी और ने कहे हैं , मुख्यमंत्री ने सिर्फ उसका उच्चारण किया है।

संकल्प पत्र बनाते समय बजट का ख्याल रखें पर उन्होंने कहा कि बी जे पी सारा कुछ देख कर ही घोषणा पत्र तैयार करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी अपना संकल्प पत्र बजट के अनुरूप नहीं बनाती।यही उनकी हार का कारण भी होता है। हिमाचल और कर्नाटक का उदाहरण सामने है। श्री धनखड़ ने दावा किया कि कल श्री मलिकार्जुन खड़गे ने भी यह बात मान ली है।

*******************************************************

रेल विभाग ने छठ पूजा व त्यौंहारों के मौसम को देखते हुए विशेष रेलगाड़ियां चलाई गई हैं। रेलवे द्वारा भीड को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध भी किए गए हैं।

अंबाला रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीण कुमार ने बताया कि उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए अनारक्षित रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं ताकि सीट आरक्षित करवाने को लेकर उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो। अंबाल रेल मण्डल में लगभग 50 गाड़ियां चलाई गई हैं।

उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से 3200 से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। आज दिल्ली से पूर्वी क्षेत्र की ओर 80 से अधिक विशेष रेलगाड़ियों का संचालन हो रहा है।

वहीं यात्रियों ने रेल विभाग द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की है। यात्रियों ने आकाशवाणी समाचार से कहा कि त्यौंहारों के दिनों में रेलगाडियों में भीड़ ज्यादा रहती है। ऐसे में सीट आरक्षित नहीं हो पाती अनारक्षित रेलगाड़ियां चलने से उन्हें राहत मिली है।

*****************************************************

हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान सितम्बर माह तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 436 लाभार्थियों को 3 करोड़ 68 लाख 76 हजार रुपये की वित्तीय सहायता मुहैया करवाई है। इसमें 32 लाख रुपये से अधिक की सब्सिडी भी शामिल है।निगम के प्रवक्ता ने बताया कि बताया कि कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए 227 लाभार्थियों को डेरी फार्मिंग, भेड़ पालन, सूअर पालन और झोटा-बुग्गी के लिए एक करोड़ 81 लाख से अधिक का रुपये का ऋण उपलब्ध करवाया गया है। इनमें से एक करोड़ 68 लाख 62 हजार रुपये बैंक ऋण और 12 लाख 48 हजार रुपये सब्सिडी के रूप में जारी किए गए हैं।इसी प्रकार, व्यापार और कारोबार क्षेत्र के अंतर्गत 61 लाभार्थियों को 58 लाख 10 हजार रुपये की राशि मुहैया करवाई गई है। जिसमें 46 लाख 52 हजार रुपये बैंक ऋण, 5 लाख 77 हजार रुपये

मार्जिन राशि है।प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम की सहायता से लागू योजनाओं के तहत इस अवधि के दौरान 17 लाभार्थियों को कुल 17 लाख रुपये जारी किए गए। इस में हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम का प्रत्यक्ष हिस्सा 12 लाख रुपये है।

**************************************************************

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की राष्ट्रीय महासचिव एंव सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में इन दिनों डी एपी खाद की किल्लत के कारण किसान भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। डीएपी न मिलने के चलते गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है। जिन किसानों ने खेतों की सिंचाई कर रखी है उनको समय पर डीएपी खाद न मिलने के कारण अब दोबारा से सिंचाई करनी पड़ेगी जिससे गेहूं की बुवाई में देरी होगी । जिसका उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। जिस कारण किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा।

**************************************************************

हरियाणा और चंडीगढ़ में आज विश्वकर्मा जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई । प्रदेश की औद्योगिक नगरी पानीपत और फ़रीदाबाद में इस त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।पानीपत से हमारे संवाददाता ने बताया है कि हथकरघा कारीगरों, फैक्टरी,कम्पनियों में काम करने वाले श्रमिको द्वारा विश्वकर्मा जयंती भक्ति भाव और हर्षोल्लास से मनाई जा रही है ।श्रमिको द्वारा औजार,मशीनों की साफ सफाई की गई और भगवान विश्कर्मा का पूजन किया गया । मान्यता है कि इस दिन सृष्टि के रचयिता ब्रहमा जी के सातवें पुत्र भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ था।

*******************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि किसी भी समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए शिक्षा सबसे अहम है। जिस समाज के लोग ज्यादा शिक्षित होंगे वह समाज उतना ही आगे बढ़ेगा, इसलिए युवाओं का शिक्षित व काबिल होना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।श्री रणबीर गंगवा आज हिसार जिले के बरवाला स्थित श्री विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण सभा के सहयोग से श्री विश्वकर्मा दिवस पर आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।श्री रणबीर गंगवा ने भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए कहा कि वर्तमान मशीनी युग में हाथ का कार्य करने वाले लोगों के लिए पढ़ाई बेहद जरूरी हो गई है, इसलिए समाज के अग्रणी नागरिक शिक्षा पर जोर दें।उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां प्रदान कर सर्व समाज के काबिल बच्चों के लिए आगे बढ़ने के द्वार खोले हैं। गरीब व पिछड़े समाज के परिवारों के बच्चे भी अपनी मेहनत के दम पर हरियाणा सिविल सेवा व अन्य उच्च पदों पर आसीन हुए हैं। उन्होंने ऊंचे पदों पर आसीन इन अधिकारियों से भी आह्वान किया कि वे अपने समाज के बच्चों को पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी ले, इसी से समाज का पिछड़ापन दूर होगा।

*******************************************************

हरियाणा में दीपावली के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक अधिकतर स्थानों पर खराब रहा है तथा कुछ स्थानों पर हवा की स्थिति खराब रही। हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य पर्यावरण इंजीनियर भूपेंद्र सिंह गंगवा ने बताया कि इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले प्रदूषण काफी

नियंत्रित रहा। इस दिवाली पर सोनीपत में वायु गुणवत्ता सूचकांक ज्यादा खराब रहा। वही अंबाला, बहादुरगढ़, भिवानी, चरखी दादरी ,फरीदाबाद, जींद, करनाल, कुरुक्षेत्र ,फतेहाबाद, गुरुग्राम, हिसार,मानेसर ,सिरसा व यमुनानगर में भी वायु सूचकांक उससे कम खराब रहा जबकि प्रदेश के अन्य स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक मध्यम रहा।

उन्होंने बताया कि हरियाणा में 29 स्टेशंस लगे हैं जो कि निरंतर प्रदूषण स्तर की निगरानी करते हैं। और इसका डाटा केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड और हरियाणा के सर्वर पर सभी के लिए उपलब्ध है।